तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **मुकेश** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353935073934328	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/11/25	अपीलार्थी मुकेश निवासी खोजा का वास रिया, पीपाड़ शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र द्वारा दिनांक 20.08.2025 को ग्राम रिया RI क्षेत्र बुचकला तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर के खसरा नंबर 895 (पुराना) जो की एक गैर मुमकिन रास्ता है, के संबंध में दिनांक 08.08.2024 से 181 पोर्टल पर शिकायतें दर्ज की गई की उक्त खसरे पर अतिक्रमण है और संबंधित विभाग द्वारा वहां से 15.01.2025 को अतिक्रमण हटाया गया। खसरा नं. 895 (पुराना) की सीमा में हटाए गए अतिक्रमण के खसरों की प्रतिलिपि एवं अन्य संबंधित सूचनाओं के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.25 17:47:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19037631